

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक111 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 06 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सांई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक सं या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



सिवनी यशोः- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के राजेश कुमार गुप्ता विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल भैरोगंज सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साक्षरता शिविर में गोपाल नंदन पाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा विद्यार्थीगणों को नालसा अंतर्गत योजनाओं एवं मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

सिवनी यशोः- भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। अतः सभी जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर (जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग) पर शीत लहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केंन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था



की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये। बेघर/प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से क बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समय, भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीत लहर से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकतानुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जायें। जिले में स्थित सभी शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये विशिष्ट कार्य योजना बनाई जाये।

शीतलहर से पहले या करें। सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें।

### शीतलहर के दौरान या करें

जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गो और बच्चों का विशेष याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## खून से लथपथ मिला युवक का शव

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के छपारा थाना अंतर्गत खैरनरा गांव के समीप पहाड़ी के पास गुरुवार रात एक 30 वर्षीय युवक का शव खून से लथपथ मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर छपारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने खेरनरा के पास एक युवक की लाश पड़ी हुई है। जिसकी जानकारी छपारा पुलिस को दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।
युवक की पत्थर व अन्य किसी भारी वस्तु से सिर कुचल कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर हत्या से जुड़े साक्ष्य एकत्रित करने एफएसएल टीम आज मौके पर जाएगी। इस मामले में लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी ने बताया कि युवक की पहचान धर्मेन्द्र उइके (30) अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के घुघरलाकला गांव का रहवासी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक दोपहर तक युवक से उनकी मोबाइल पर बात हुई थी। वह सिवनी के खैरनरा गांव किस कार्य से आया, इसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही हैं।

## खामी में योगेन्द्र पंच निर्वाचित

सिवनी यशोः- केवलारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खामी के गोरखपुर के वार्ड नं.14 में वार्ड पंच के उपचुनाव संपन्न हुआ,जिसमें कुल 51मत पड़े,विजयी
प्रत्याशी योगेन्द्र बिसेन को 31मत और प्रतिद्वन्दी जितेंन्द्र गौतम को 19 मत प्राप्त हुए,1मत नोटा में पड़ा, प्राप्त जानकारी के अनुशार इस वार्ड में कुल 58मत थे,7 मत नहीं डाले गये।इस प्रकार योगेन्द्र बिसेन गोरखपुर के वार्ड क्र.14 के नये पंच बने। इसके अलावा और अन्य चार वार्ड भी इस ग्राम के अंतर्गत आते हैं,जहां पर निर्विरोध पंच चुने गये।

## कले टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य स पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित है। इसी परिपेक्ष्य में कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार 05 जनवरी को विकासखण्ड लखनादौन की ग्राम पंचायत डुंगरिया एवं विकासखण्ड छपारा की ग्राम पंचायत सुआखेड़ा में आयोजित हुए शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान कले टर श्री सिंघल ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संकल्प यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से ग्रामीण को उनकी पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए साथ ही कले टर श्री सिंघल ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्पना तहत भारत देश को आत्म निर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई।

# विजलेंस टीम ने पाया कि ठेकेदार कर रहा था बिजली की चोरी
## 2 करोड की लागत में बन रहे 14 आवासों में अनेक अनियमित्ताएँ

लखनादौन यशोः- लखनादौन



में चिकित्सक स्टाफ के लिये निर्माणाधीन आवासों के लिये निर्माण एजेंसी द्वारा अस्पताल से बिजली की चोरी की जा रही थी जो गुरूवार को विद्युत विभाग के विजलेंस अधिकारी ने स्पष्ट किया। जानकारी के अनुसार दैनिक यशोन्नति में प्रकाशित समाचार के आधार पर विद्युत विभाग की विजलेंस टीम ने निर्माणाधीन चिकित्सकीय स्टाफ के आवासों को लखनादौन पहुँचकर निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि संबंधी निर्माण एजेंसी पिछले डेढ़ वर्ष से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान चोरी की बिजली से निर्माण कार्य करते रही है। जबकि निर्माण एजेंसी के लिये नियम है कि वह निर्माण कार्य प्रारंभ होने के साथ ही अस्थाई कने शन लेकर कार्य करेंगी परंतु लखनादौन में निर्माणाधीन चिकित्सीय आवास का कार्य करने वाली निर्माण एजेंसी ने किसी प्रकार का बिजली कने शन नहीं लिया और अस्पताल से बिजली की चोरी की जाती रही। जब चिकित्सा विभाग को अपने कार्यो में परेशानी होने लगी तो पाया गया है कि निर्माण एजेंसी अबैध रूप से बिजली का कने शन लेकर कार्य कर रही है जिससे वोल्टेज कम ज्यादा होता है। इस बिजली चोरी की शिकायत खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा लखनादौन में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता म. प्र. पूर्व क्षेत्र को 22 दिसंबर को की गयी परंतु कनिष्ठ अभियंता द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी परंतु जब मामला सार्वजनिक होने लगा तो ठेकेदार द्वारा दो चार दिन पूर्व अस्थाई बिजली का कने शन लिया गया। यहाँ बता दें कि लखनादौन में सिविल अस्पताल के चिकित्सकीय स्टाफ के लिये आवासों का निर्माण किया जा रहा है। सिविल अस्पताल लखनादौन से बिजली चोरी होने से चिकित्सकीय कार्य बाधित होते रहा है। चिकित्सा जैसे गंभीर कार्य में बाधा उत्पन्न करना ही अपने आप में गंभीर मामला है और शिकायत के बाद भी विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं बल्कि निर्माण एजेंसी को सुरक्षित करने का घटिया प्रयास मामला सार्वजनिक होने के बाद यह किया गया कि कार्य एजेंसी को आनन फानन में अस्थाई कने शन दिया गया।

वहीं ठेकेदार द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य में अनेक प्रकार की अनियमित्ताएँ है जिसे संबंधित अधिकारी भी स्वीकार कर रहे है।

सिविल अस्पताल लखनादोन में पदस्थ चिकित्सकों के रहने हेतु हाउसिंग बोर्ड द्वारा सिविल अस्पताल के पीछे लगभग 2 करोड की लागत से चिकित्सीय आवास का निर्माण शिखा कंस्ट्रेशन लखनादौन के ठेकेदार सुरेन्द्र चौकसे द्वारा किया जा रहा हैं इस हेतु विगत वर्ष मार्च माह में टेंडर जारी किया गया था जिसका निर्माण अब से 4 माह पहले पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु अभी तक आवासीय निर्माण कार्य कच्छप गति से जारी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो यह कार्य 4 माह पहले पूर्ण होकर अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया जाना चाहिए था।

## सिवनी विधायक ने कैबीनेट मंत्री से भेंट की एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये



सिवनी यशोः- शुक्रवार 05 दिसंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने केबिनेट मंत्री से सौजन्य भेंट की तथा संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे शामिल हुए। आज दोपहर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जबलपुर से नागपुर प्रवास पर जा रहें मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल से रुखड रेस्ट हाउस मे सौजन्य भेंट की इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन,भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके , नरेन्द्र टांक, प्रकाश शर्मा, आनंद शर्मा, परसराम सनोडिया, भाजपा जिला मंत्री संजीव मिश्रा, डाँ.अभिजीत चौहान,सुरेश भांगरे, दिलीप अग्रवाल, राजू यादव सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
श्री पटेल से भेंट के पूर्व मे विधायक दिनेश राय मुनमुन केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम सिहोरा मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल हुए।

## युवा दिवस पर शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

सिवनी यशोः- जिला ?शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस ÷युवा दिवस÷ के अवसर पर जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में जिलास्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### जबरन नॉलेज




# रिकार्ड तोड़ दर्शको के बीच हुआ SPL का शानदार समापन

नन्नू 11 और बॉयज लब बनी SPL चैंपियन ...
विधायक दिनेश राय मुनमुन नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान पूर्व सांसद नीता पटेरिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार
SPL प्रेमियों से मिलकर भावुक हुए आईपीएल खिलाड़ी अरशद खान..



सिवनी यशोः- सिवनी प्रीमियर लीग SPLका आज हजारों क्रिकेट प्रेमी और दर्शको के बीच शानदार समापन हुआ आज SPL को ओपन वर्ग में एक नया चैंपियन नन्नू इलेवन टीम बनी तो वही वेटरन वर्ग की चैंपियन बॉयज लब बनी।। आज आयोजन के समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अरशद खान आईपीएल को आमंत्रित किया गया था। शिवानी के लाल अरशद खान को जब आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर संयोजक अब्दुल क़ाबिज़ अखिलेश खेड़कर अभिषेक दुबे और समिति के सदस्यों ने ग्राउंड के अंदर लेकर आया तो पूरा SPL ग्राउंड ताली की गर्जनाओं से गूंज उठा।
वहीं दूसरी तरफ सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने मधुर संवाद से खिलाड़ियों को और क्रिकेट प्रेमी दर्शकों को संबोधित करके अपनी प्रसन्नता स्क्र के प्रति जताई।।
वहीं आयोजन के समापन पर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी शफीक खान जी नीता पटेरिया जी के हस्ते पूर्व निर्धारित ?100000 की नगद राशि प्रथम पुरस्कार जीतने वाली टीम नानू इलेवन को ट्रॉफी के साथ प्रदान की वही उपविजेता बींझावाडा बॉयज को 50000 का पुरस्कार बॉयज लब को 31000 रुपए नगद का पुरस्कार और ग्रीन सिटी लब को?21000 का पुरस्कार प्रदान किया गया।
शिवनी प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के मु य अतिथि रहे श्री दिनेश राय मुनमुन विधायक, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री वेद सिंह ठाकुर, सुजीत जैन, जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर, सुनील मालू ,रंजीत खरे, अवधेश बघेल, कमल अग्रवाल, आशु अग्रवाल चिंटू अग्रवाल राजिक अकील राजू यादव मुनिया टाक गोलू पंडित सैकड़ो गढ़वाल नागरिक और हजारों की सं या में खेल दर्शक उपस्थित रहे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ओपन में अक्की आकिब नन्नू 11 वेटरन में इमरान डील्लन रहे तो वही बेस्ट बैट्समैन वेटरन में राजू और ओपन में निहाल बने बेस्ट गेंदबाज वेटरन में जुबेर और ओपन में सैफी रहे
मैचों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर और संयोजक अब्दुल क़ाबिज़ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि
आज का पहला फाइनल मुकाबला वेटरन्स वर्ग में शिवनी बॉयज और न्यू ग्रीन सिटी के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर बॉयज लब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू ग्रीन सिटी ने 10 ओवरों में मात्र 135 रन बनाएं न्यू ग्रीन सिटी की ओर से राजू ने 68 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए शकील ने दो विकेट प्राप्त किए लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवनी बॉयज यह मुकाबला चार विकेट से जीत गई शिवनी बॉयज की ओर से इमरान ने 44 रनों की पारी खेली और इस मैच की मैन ऑफ द मैच बने
आज का फाइनल मुकाबला ओपन वर्ग में बिंझावाड़ा और नन्नू 11 के मध्य खेला गया टॉस जीत कर बिंझावाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए बींझाबारा ने 140 रन बनाए उनकी ओर से मनीष चौरसिया ने 39 रनों की पारी खेली तो अच्छी गेंदबाजी करते हुए सैफी और मंगेश ने दो-दो विकेट प्राप्त किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी नन्नू 11 यह मैच 8 विकेट मुकाबला जीत गई नन्नू 11की ओर से कप्तान अशफाक ने 50 रनों की पारी खेली उनके साथ देते हुए निश्चल ने 45 रनों की पारी खेली इस मैच के मैन ऑफ द मैच अशफाक रहे।।
आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी क्रिकेट प्रेमियों जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन नगर पालिका प्रशासन मिशन स्कूल प्रशासन एवं सभी उन लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## नपा अध्यक्ष और सोहेल की बीच कांग्रेस अध्यक्ष ने करायी सुलह

सिवनी यशोः- नगरपालिका परिषद सिवनी में नगरपालिका अध्यक्ष एवं राजस्व सभापति के बीच चल रहा गतिरोध जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना के प्रयासो से समाप्त हो गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान पटेल, आनंद पंजवानी एवं कांग्रेस के सभी पार्षदो के साथ बैठक की। नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान एवं सोहेल पाशा के बीच जो गलत फहमी थी चर्चा के दौरान वह दूर हो गई। शफीक खान द्वारा ध्यानचंद वार्ड के पार्षद सोहेल पाशा को राजस्व समिति में यथावत रखने की बात सभी के सामने की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खुराना ने कहा कि नगर के लोगो को आपसे अपेक्षा है कि पूरी परिषद मिलजुल कर नगर विकास के लिए कार्य करें।

# वर्ष 2023 में आर्थिक क्षेत्र में भारत की कुछ विशेष उपलब्धियां रही हैं

प्रहलाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 7 प्रतिशत के आसपास रहने की प्रबल स भावनाएं बन रही हैं। इस वर्ष की प्रथम तिमाही, अप्रैल-जून 2023, में आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत की रही है, वहीं द्वितीय तिमाही, जुलाई- सित बर 2023 में 7.6 प्रतिशत की रही है।

इसी प्रकार, दीपावली त्यौहार पर लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के व्यापार के चलते एवं अे टूबर 2023 माह में विनिर्माण के क्षेत्र में विकास दर के 12 प्रतिशत से ऊपर रहने से इस वर्ष की तृतीय तिमाही, अे टूबर-दिस बर 2023, में भी आर्थिक विकास 7 प्रतिशत रह सकती है।

इससे पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं। जबकि, विश्व के कई अन्य विकसित देशों में मंदी की स भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार भारत वर्ष 2023 में भी लगातार विश्व की सबसे तेज गति से विकास करती अर्थव्यवस्था बना रहा।

भारत के आर्थिक विकास में लगातार गति आने से भारत में विदेशी निवेश की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। इससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। 8 दिस बर 2023 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 60,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर था, जो 15 दिस बर 2023 को समाप्त सप्ताह में बढ़कर 61,600 करोड़ अमेरकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया एवं 22 दिस बर 2023 को समाप्त सप्ताह में 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

इस प्रकार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है।

हालांकि, अे टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर 64,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था, अब शीघ्र ही इस उच्चत्तम स्तर को पार कर जाने की भरपूर स भावना व्यक्त की जा रही है। कोरोना महामारी के दौरान, भारतीय रुपए पर अत्यधिक दबाव आ गया था, अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए को अवमूल्यन से बचाने एवं भारत रुपए के मूल्य को स्थिर बनाए रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी डॉलर को भरपूर मात्रा में बाजार में बेचा था इससे भारत में विदेशी मुद्रा भंडार कम हो गया था।

विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी देश को जरूरत पड़ने पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। विदेशी मुद्रा भंडार के बढ़ने से केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक को देश के आर्थिक विकास में गिरावट के चलते पैदा




हुए किसी भी बाहरी एवं अंदरूनी वित्तीय अथवा आर्थिक संकट से निपटने में मदद मिलती हैं। यह आर्थिक मोर्चे पर संकट के समय देश को आरामदायक स्थिति उपलब्ध कराता है।

विश्व बैंक द्वारा जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में अनिवासी भारतीयों ने रिकार्ड 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का प्रेषण भारत में किया है। अनिवासी भारतीयों द्वारा भारत में भेजी गई यह राशि पूरे विश्व में किसी भी देश को भेजी गई राशि में सर्वाधिक है। यह आर्थिक क्षेत्र में भारत की आंतरिक मजबूती को दर्शाता है।

विदेशी निवेशकों के साथ ही अनिवासी भारतीयों का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर एवं खाड़ी के देशों में अनिवासी भारतीयों की भारी सं या निवास करती है और केवल इन 4 देशों से ही 54 प्रतिशत प्रेषण भारत को प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में अनिवासी भारतीयों द्वारा 11,110 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में प्रेषित की गई थी।

भारत आज विश्वभर के निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र के रूप विकसित हो गया है। विशेष रूप से केंद्र सरकार एवं कुछ राज्यों द्वारा की जा रही पहल विदेशी पूंजी को भारत में आकर्षित करती नजर आ रही है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए भारत आज इमर्जिंग अर्थव्यवस्थाओं के बीच स्वीट स्पॉट के रूप में दिखाई दे रहा है। इले ट्रॉनि स, ऑटोमोबाइल और फार्मा जैसे 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी उत्पादन प्रोत्साहन योजना ने विदेशी निवेशकों की भारत में रुचि बढ़ा दी है।

साथ ही, पिछले कुछ वर्षों में श्रम, कराधान, और व्यापार परमिट जैसे क्षेत्रों में नियामक सुधारों से व्यापार करने में आसानी बढ़ी है। अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा और कुशल श्रम की उपलब्धता देश को निवेश के अन्य देशों के विकल्प के मामले में एक तरह की बढ़त देते हैं, जो विदेशी निवेशकों के निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहायता करते नजर आ रहे हैं।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अनुपालन प्रतिवेदन में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितंबर 2023, में भारत का चालू खाता घाटा 830 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि से कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत रह गया है। यह वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सित बर 2022, में 3000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहते हुए सकल घरेलू उत्पाद का 3.8 प्रतिशत था।

भारत के विदेशी व्यापार के मामले में यह एक अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। चालू खाता घाटा किसी भी देश के वस्तुओं और सेवाओं के आयात एवं निर्यात के मूल्य के साथ साथ वित्तीय हस्तांतरण के बीच के अंतर को मापता है। चालू खाता घाटे का कम होना किसी भी देश के लिए अच्छी स्थिति कही जाती है` योंकि इससे मजबूत हो रहे निर्यात एवं कम हो रहे आयात की स्थिति का पता चलता है।

वर्ष 2023 में भारतीय बैंकों विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र के बैंकों में गैर निष्पादनकारी आस्तियों का स्तर लगभग न्यूनतम स्तर पर आ गया है और पूंजी पर्याप्तता अनुपात लगभग उच्चत्तम स्तर पर आ गया है। कई बैंकों में तो यह स्तर अमेरिकी बैकों के पूजीं पर्याप्तता अनुपात से भी अधिक है।

कुछ वर्ष पूर्व तक सरकारी क्षेत्र के बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार को इन बैंकों में पूंजी डालनी होती थी परंतु आज सरकारी क्षेत्र के बैंक केंद्र सरकार को भारी भरकम लाभांश की राशि का भुगतान कर रहे हैं। बैंकिंग के क्षेत्र में तो जैसे टर्न अराउंड ही दिखाई देता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के विभिन्न राज्यों की बजटीय स्थिति एवं इनके राजकोषीय स्वास्थ्य में लगातार मजबूती दिखाई दे रही है। विभिन्न राज्यों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में किए गए सुधारों को जारी रखा है, जिसके चलते राज्यों का संयुक्त राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहते हुए कम हुआ है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्यों के राजकोषीय घाटे पर, कोविड महामारी के बाद अत्यधिक दबाव पैदा हो गया था परंतु इसके बाद से लगातार स्थिति में सुधार हुआ है।

मु य रूप से कर संग्रहण के अनुपालन में सुधार करते हुए कर संग्रहण में पर्याप्त वृद्धि हुई है एवं कुछ राज्यों द्वारा खर्चों पर नियंत्रण भी किया जा सका है, हालांकि पूंजीगत व्ययों को प्रभावित नहीं होने दिया गया है, जिसके कारण राजकोषीय घाटे की स्थिति में सुधार दिखाई देने लगा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने उक्त प्रतिवेदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न राज्यों के बजट, राजकोषीय संकेतक एवं व्यय के पैटर्न का विश्लेषण किया है। मु य बिंदु जिन पर सुधार बताया गया है उनमें शामिल हैं, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार हो रहा सुधार, राजस्व घाटे में आ रही कमी, पूंजीगत व्यय में लगातार हो रही वृद्धि और बकाया ऋण स्तर में कमी होना, बताया गया है।

राज्य स्तर पर आगे आने वाले समय में मजबूत आर्थिक विकास और राजकोषीय सुधारों द्वारा राज्यों की समग्र बजटीय स्थिति सकारात्मक होने का अनुमान इस प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगाया गया है। इस स्थिति को भारत के लिए राहत देने वाली माना जा सकता है। राज्यों का राजस्व घाटा कम होने के कारण राज्यों का संयुक्त राजकोषीय घाटा लगातार दूसरे वर्ष लक्ष्य के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद का 2.8 प्रतिशत पर सीमित रहा है। पूंजी निवेश समर्थन के लिए केंद्रीय योजना के नेतृत्व में वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में पूंजीगत व्यय में 52.6 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर्ज हुई है।

राजस्व व्यय वृद्धि में कमी आई है और व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में बकाया देनदारियां वित्तीय वर्ष 2011 में 31 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 27.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है।

# पूजित अक्षत कलश वितरण का दृश्य आपका मन मोह लेगा

**राम का देश देश के राम**

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि स्थल पर बन रहे भव्य मंदिर का निर्माण कार्य सतत जारी है. 22 जनवरी 2024 को इसमें राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा होने वाली है. ऐसे में देश भर में इस दिवस को दीपावली की भांति मनाये जाने के लिए विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में सभी हिन्दू घर-घर पहुँच रहे हैं. वह हिन्दू परिवारों को अक्षत, आग्रह एवं भगवान श्री राम का चित्र भेंट कर प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात अयोध्या पहुँचने हेतु आमंत्रित कर रहे हैं. साथ ही इस दिन अपने ग्राम एवं मोहल्लों में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने का भी आव्हान कर रहे हैं.

इस कार्य के दौरान देश भर से बेहद आनंदित दृश्य सामने आ रहे हैं, जहाँ कोई भगवान् का भजन गाते हुये तो कोई नाचते हुए रामलला की जय जयकार कर रहे हैं.

वीडियो गंजबासौदा के त्योंदा प्रखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मुड़री में संत श्री श्री 1008 परशुराम दास जी महाराज के सानिध्य में जब कार्यकर्ता अक्षत वितरित करने पहुंचें



तो कुछ इस तरह का दृश्य देखने को मिला. अक्षत कलश सर पर रखकर खूब आनंद के साथ थिरके वृद्ध.

# घर-घर पहुंचें राम : विश्व हिन्दू परिषद ने प्रारंभ किया परिवार संपर्क अभियान

गंज बासौदा। विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी हिन्दू परिवार संपर्क अभियान का शुभारंभ सोमवार से हो गया है अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ता विचार परिवार के सदस्यों के साथ ग्राम ग्राम, मोहल्ला-मोहल्ला में प्रत्येक हिन्दू परिवार तक जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर हिन्दू समाज से 22 जनवरी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिका जलाने का आग्रह कर रहे हैं साथ ही अपने पास के किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठ समारोह को लाईव देखने एवं रामधुन, भजन कीर्तन इत्यादि



करने का भी आग्रह कर रहे हैं।

**22 जनवरी को न जायें अयोध्या, अनुकूलता होने पर ही दर्शन करने जायें**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता अपने परिवार संपर्क अभियान के दौरान हिन्दू समाज से यह आग्रह कर रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को अभी अयोध्या न जायें अपने मोहल्ले के मंदिर को ही अयोध्या मानकर पूजन अर्चन भजन कीर्तन इत्यादि करें एवं समारोह के उपरांत अनुकूलता होने पर बारी बारी से अयोध्या जाकर राम लल्ला के दर्शन करें।

**102 मंडल और 25 बस्ती केंद्रों पर एकसाथ शुरू हुआ अभियान**

संगठन की दृष्टि से गंज बासौदा जिला है जिसमें 10 प्रखंड 102 मंडल, 25 बस्ती और 983 ग्राम आते हैं सोमवार को सभी 10 प्रखंडों के 102 मंडलों और 25 बस्तियों पर एकसाथ अभियान का शुभारंभ हो गया है यह अभियान 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा।

# जरूरतमंदों को रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मु यमंत्री डॉ. यादव

**ग्वालियर में संभागीय समीक्षा बैठक में मु यमंत्री डॉ. यादव ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

**ग्वालियर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं**

**जे.सी. मिल के श्रमिकों के स्वत्वों का भुगतान होगा**

**सक्षम लोगों को उद्यम स्थापित करने के लिये प्रेरित किया जाए**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जरूरतमंदों को रोजगार देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए पर्यटन, वन, खनिज, उद्योग व सेवा क्षेत्र सहित सभी से टर को शामिल कर रोजगार देने की कार्ययोजना बनाएँ। कार्ययोजना ऐसी हो जिससे हर से टर से जरूरतमंदों को रोजगार मिले, इसकी जिलेवार तैयारी करें। मु यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर में आयोजित हुई संभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा भी बैठक में की। बैठक में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे।

बैठक में मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ किला सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतें, जलाशय व अकूत वन संपदा उपलब्ध है। इसलिए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये रोजगारपरक योजना तैयार करें। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर जिले में बहुत से ऐसे सक्षम लोग मौजूद हैं जो थोड़े से प्रोत्साहन और सरकारी मदद से उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सक्षम लोगों से संवाद कर उन्हें रोजगार के अवसर पैदा करने व उद्यम खड़ा करने के लिये प्रेरित करें। मु यमंत्री डॉ. यादव ने संभाग स्तर पर वृहद स्तर पर रोजगार मेला आयोजित करने पर बल दिया।




मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में यह कहा कि इंदौर के हुकुमचंद मिल की तर्ज पर सरकार जेसी मिल श्रमिकों के स्वत्वों का भुगतान भी करायेगी। मु यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर कले टर को श्रमिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये जल्द से जल्द कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विकास कार्यों की सूचना जनप्रतिनिधियों को भी दी जाए। उन्होंने ग्वालियर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया।

बैठक में सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन कल्याण एवं उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर, सांसद ग्वालियर श्री विवेक नारायण शेजवलकर, सांसद गुना श्री के पी सिंह यादव व सांसद भिण्ड श्रीमती संध्या राय, महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार तथा ग्वालियर संभाग के विधायकगण मौजूद थे। साथ ही प्रदेश की मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा एवं विशेष पुलिस महानिदेशक श्री जी पी सिंह भोपाल से ऑनलाइन जुड़े।

**मिलजुलकर करेंगे प्रदेश का विकास**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों से कहा कि हम सब मिलजुलकर विकास में प्रदेश को ऊँचाईयों पर पहुँचायेंगे। मतभिन्नता को विकास कार्यों के बीच आड़े नहीं आने दिया जायेगा। सरकार दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी के सुझावों को स मान देगी और अच्छे सुझावों पर अमल भी किया जायेगा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर संभाग के सभी सांसद व विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अतिरिक्त मु य सचिव की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी जनप्रतिनिधि लिखित में अपने सुझाव अवश्य दें, जिससे उस पर अमल किया जा सके। उन्होंने नई रेलवे लाईन सहित रेल सेवाओं की बढ़ोत्तरी के सुझाव देने के लिए भी कहा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि प्रदेश को प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर वे स्वयं सभी संभागों में बैठक लेकर क्षेत्रीय कठिनाईयों व समस्याओं को जानने का प्रयास कर रहे हैं।

**स्वीकृत कार्यों को धरातल पर लाएँ, इसमें कोई ढ़िलाई न हो**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समीक्षा बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार ने जो काम स्वीकृत किए हैं, उनमें से अधूरे काम अभियान बतौर पूर्ण कराएँ। साथ ही जो कार्य शुरू नहीं हो सके हैं उन्हें जल्द से जल्द धरातल पर लाएँ। इसमें किसी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

**नेशनल हाईवे से जुड़े गाँवों को अनिवार्यत-मिले कने टविटी**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों के नजदीक बसे गाँवों को नेशनल हाईवे से कने टविटी अनिवार्य रूप से मिले। साथ ही जो राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माणाधीन हैं, वहाँ विशेष ध्यान देकर संबंधित ग्रामों को मु य सड़कमार्ग से जुड़वाएँ।

**जल जीवन मिशन के काम अभियान बतौर पूरे कराएँ**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को विशेष अभियान चलाकर पूरा कराएँ। उन्होंने कहा जो कार्य 80 प्रतिशत तक हो चुके हैं उन्हें पूर्ण कराएँ। साथ ही जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं उन्हें आरंभ कराकर ऐसे क्षेत्रों में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था करें। आगामी गर्मी के मौसम में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए।

**थानों व चौकी सहित पुलिस के अन्य प्रयोजन के लिये जमीन आरक्षित कराएँ**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गों के नजदीक पुलिस थानों, चौकियों व बटालियन सहित पुलिस के अन्य प्रयोजन के लिये जमीन अवश्य आरक्षित कराएँ। इस कार्य को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

**माँस-मछली की बिक्री पर नहीं खुले में बेचने के तरीके पर है रोक**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में दोहराया कि माँस-मछली की बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं है, बेचने के गलत तरीके पर जरूर रोक है। उन्होंने कहा लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर खुले में माँस-मछली इत्यादि की बिक्री पर रोक लगाई गई है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँस-मछली बेचने वालों के लिये पक्के प्लेटफॉर्म बनवाकर सरकार देगी। साथ ही इनकी बिक्री के लिये वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराए जायेंगे।

**रतनगढ़ बहुउद्देश्शीय परियोजना की बाधा दूर करने के दिए निर्देश**

दतिया जिले में मूर्तरूप ले रही रतनगढ़ बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना को पूरा करने में आ रही रूकावट जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए। वन विभाग से संबंधित इस सिंचाई परियोजना की बाधा को दूर कराएँ। उन्होंने ग्वालियर ङ्क भिण्ड फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को भी जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

**किसी भी असहाय को खुले में न गुजारनी पड़े रात**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि सर्दी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में रात गुजारने के लिये मजबूर न होना पड़े। फुटपाथ पर रात गुजारने वालों एवं अन्य जरूरतमंदों को रैन बसेरों में आश्रय दिलाएँ। इस काम में सामाजिक संस्थाओं को भी सहभागी बनाएँ। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों की व्यवस्थाएँ सुदृढ़ रहें। उन्होंने कहा ठंड से किसी के भी जीवन में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए।

**स्वच्छता में अव्वल बनाकर ग्वालियर का मान-स मान बढ़ाएँ**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि ग्वालियर को इंदौर की तर्ज पर स्वच्छता में अव्वल बनाकर अपने शहर का मान-स मान बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रदेश सरकार ने भी स्वच्छता को पहली पायदान पर रखा है।

**बैठक में इनकी भी रही मौजूदगी**

ग्वालियर जिले के प्रभारी अतिरिक्त मु य सचिव श्री के सी गुप्ता व प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, मु यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर श्री डी. श्रीनिवास वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंबल श्री सुशांत से सेना व पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीमती कृष्णावेणी देशावतु तथा कले टर ग्वालियर श्री अक्षय कुमार सिंह सहित संभाग के सभी जिलों के कले टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश चंदेल सहित संभाग के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक भी बैठक में मौजूद रहे।

# जन समुदाय को शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

भोपाल। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। अत- सभी जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर (जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग) पर शीत लहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये। बेघर/प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से क बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समय, भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीत लहर से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकतानुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जायें। जिले में स्थित सभी शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये विशिष्ट कार्य योजना बनाई जाये।

**शीतलहर से पहले या करें**

सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें।

**शीतलहर के दौरान या करें**

जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवति



सिवनी यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत स पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों को विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदाय की जा रही है एवं हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित हो रहे शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आने वाले ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगोपचार किया जा रहा है। इसी तरह कृषि विभाग द्वारा कृषकों को कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है एवं ड्रोन के माध्यम से फसलों में कीटनाशक दवा छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है।

शुक्रवार 05 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मगरकठा एवं टिकारी (बरघाट), छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सादकसिवनी, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दोंदावानी एवं सुनवारा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पनारझिर एवं दिवारी, केवलारी की ग्राम पंचायत झोला एवं जामुनपानी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोंहगांव यादव एवं पचधार, लखनादौन की ग्राम पंचायत डुंगरिया एवं खमरिया पहाडी तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिहोरा, बल्लारपुर एवं डूंडासिवनी पहुंची।

**आज यहां होंगे शिविर आयोजित**

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार 06 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ब ?हनी एवं मानेगांवकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भाटमटरा एवं पायलीखुर्द, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं हर्रई, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिकारारैयत एवं सुरजपुरा, केवलारी की ग्राम पंचायत बिछुआरैयत एवं अलोनीखापामाल, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खवासा एवं खंडासा, लखनादौन की ग्राम पंचायत घूरवाडा एवं घोघरीकला तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत थावरी, महलोन एवं भाटीवाडा पहुंचेगी।

# पीजी कालेज सिवनी में बनाये जा रहे है आभा कार्ड

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशन में उमंग उच्च शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में डिजिटल हेल्थ कार्ड समस्त महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए बनाए जा रहे हैं



उक्त जानकारी उमंग उच्च शिक्षा अभियान के नोडल अधिकारी के सी राउर ने दी उन्होंने बताया की दिनांक 5 व 6 जनवरी को पीजी कॉलेज सिवनी के ऑडिटोरियम हाल में 11:00 बजे से 5:00 बजे तक समस्त महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए व अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आभा कार्ड बनाए जा रहे हैं आभा आईडी कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता होती है और विद्यार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है । इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ टर रवि शंकर नाग एनसीसी ऑफिसर पवन वासनिक एनएसएस ऑफिसर गणेश मांतरे व समस्त महाविद्यालय अधिकारियों की सहभागिता रही है साथ इस के प में जिला सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी डॉ जयपाल सिंह के निर्देशन में डॉ सनोडिया के सहयोग से 25 सदस्य दल महाविद्यालय में आभा कार्ड बनाने के लिए कार्यरत हैं जिन्हें भी अपने आधार कार्ड बनवाने हैं वह 11:00 बजे से 5:00 बजे तक पीजी कॉलेज सिवनी के आउटडोरियां हॉल में अपने आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर आभा कार्ड बना सकते हैं

# एपीएल में प्रतियोगिता का दूसरा सेमी फाइनल खेला गया



सिवनी यशोः- एपीएल टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी वींरेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया की पी.जी कॉलेज ग्राउंड भैरोगंज में आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग ए.पी.एल सीजन4 टूर्नामेंट में शुक्रवार को प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफइनाल मुकाबला येल्लो11 एवं ग्रे11 के मध्य खेला गया।येल्लो11 के कप्तान कीर्तशंकर शर्मा एवं ग्रे11 के कप्तान मुकेश अवधिया के मध्य हुए टॉस में टीम ग्रे11 के कप्तान के द्वारा टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया गया।पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी येल्लो11 ने निर्धारित 12ओवरों में 9 विकेट खोकर 98रन ही बना सकी।येलो11 की ओर से संदीप तिवारी ने 27,अमोल चौरसिया ने 22 रन बनाये।ग्रे11 की ओर से पंकज शर्मा ने 3,नितेश हेडाउ ने 2,नीरज ठाकुर से मुकेश अवधिया ने 1-1 विकेट लिया।99 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रे11ने 11.5 ओवरों में 7 विकेट खोकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।ग्रे11 की ओर से मुकेश अवधिया ने 21एव्म् रिशाद खान ने नाबाद 15 रन बनाये ओर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।येलो11 की ओर से श्रेयांश शु ला ने 2,योगेंद्र गुर्देकर ने 2 एवं अमोल चौरसिया ने 1 विकेट लिया।ओर इस तरह ग्रे11 ने 3 विकेट से,शानदार जीत दर्ज़ की ओर प्रतोयोगिता के फाइनल में जगह बनायीं।

**मैच के मैन ऑफ दा मैच ग्रे11 के पंकज शर्मा रहे।**

मैच के दौरान मु य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुनील पाण्डेय जी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बारमठे जी एवं आयोजन समिति के सदस्यगण मनोज प्रजापति, महेंद्र चंदेल, इसरार खान, राज गोस्वामी, रुद्रदेव रहांगडाले, धनीराम बागमारे, वींरेंद्र शर्मा, अनिरुद्ध जयसवाल , अवि यादव, योगेश व्यबहार एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हानी, उपाध्यक्ष, शिशुपाल यादव ,सचिव रितेश आहूजा एवं बड़ी सं या में अधिवक्तागण एवं दर्शकगण उपस्थित रहे एवं शानदार मैचों का आनंद लिया। *ए पी एल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता वींरेंद्र शर्मा ने बताया हैं की रविवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अधिवक्ता ब्लु11 एवं अधिवक्ता ग्रे11 के मध्य सुबह 09बजे से खेला जायेगा।*

# गुरुकुल में आयोजित होगा स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस

**बच्चों द्वारा दिए जाएंगे अलग अलग विषयों पर प्रेजेंटेशन**

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में एसएलसी (स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस) का आयोजन दिनांक 06 जनवरी 2024 को 11 बजे से किया जाएगा। ज्ञात हो गुरुकुल पब्लिक स्कूल सिवनी जिले का लीड डिजिटल एजुकेशन प्रदान करने वाला प्रथम स्कूल है। लीड के कार्यक्रम एसएलसी में बच्चे, पालक एवं शिक्षकों की उपस्थिति होगी।

बच्चों द्वारा अनेक विषयों पर प्रेजेंटेशन दिए जाएंगे, जिनमें बच्चे शिक्षक के मार्गदर्शन में उन्हें रिप्रेजेंट करेंगे। बच्चों में आत्मविश्वास एवं मंच पर प्रदर्शन करने की क्षमता को बढ़ाने एवं विषयात्मक ज्ञानोपार्जन हेतु गुरुकुल लगातार बेहतर प्रयास करता रहा है। स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस में बच्चे अलग-अलग स्टालों में एग्जिबिशन भी लगाएंगे। लीड एजुकेशन के माध्यम से बच्चों को अंतराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा देने के प्रयास में गुरुकुल कार्यरत है, बच्चों में रटने की शैली को दूर कर उन्हे प्रैं टकल एवं कॉन्सेप्ट आधारित शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें बच्चे को उसकी रुचि के अनुसार पढ़ाया जा सकता है, जिसका उदाहरण एसएलसी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। पालक एवं आप सभी बच्चों के इस भव्य एवं मनमोहक कार्यक्रम स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस में सादर आमंत्रित हैं।

## आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा अवकाश के दिनों में भी आयुष्मान कार्ड बनेंगें

बालाघाट यशोः- नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्?मान भारत योजना ''आयुष्?मान भव÷'' अंतर्गत शतप्रतिशत आयुष्?मान कार्ड बनाने के उद्देश्?य से 'आयुष्?मान जागरूकता पखवाड़े' का आयोजन 1-15 जनवरी 2024 तक किया जा गया है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगरपालिका बालाघाट एवं अधिकृत सीएससी केन्द्र सर्च इन्फोटेक मोतीनगर में अवकाश के दिनों में भी आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगें। प्रभारी राकेश वर्मा 'ताम्रकार' ने बताया है कि जिस हितग्राहियों के कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है वह भी अपना कार्ड भी निकालवा सकते है।

# छिंदवाड़ा चौक में आयोजित हुआ "एक शाम प्रभु श्री राम के नाम" कार्यक्रम

सिवनी यशोः- अयोध्या में प्रभु श्री राम के विराट व भव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम को लेकर लोगों में जिस तरह का उत्साह और उमंग व्याप्त है उसका एक नजारा 31 दिसंबर को छिंदवाड़ा चौक में आयोजित ÷एक शाम प्रभु श्री राम के नाम÷ कार्यक्रम में देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रेम तिवारी ने बताया कि, इस कार्यक्रम में अभूतपूर्व जनमेदनी उमड पड़ी। लोगों ने इस धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस तरह यह कार्यक्रम संपन्न हुआ वह अंग्रेजी नए वर्ष कै भारतीय नव वर्ष के रूप में मनाए जाने जैसी परंपरा का नवाचार भी है।



तिवारी ने बताया कि, इस कार्यक्रम में गायक श्री अशोक अकेला एवं जबलपुर से आए उनके साथी कलाकारों ने संगीत में भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी राम धुन पर भजन गाए। कार्यक्रम में भजन संध्या के साथ ही महा आरती का आयोजन हुआ तत्पश्चात, हजारों लोगों ने महाप्रसाद के रूप में भंडारा ग्रहण किया। यह संपूर्ण कार्यक्रम जितना गरिमामय था उतना ही अद्भुत और अलौकिक था। कार्यक्रम में शामिल समस्त जनों का मैं रामवट सेवा समिति के ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

तिवारी ने बताया कि, कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के साथ ही प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, श्रीमती नीता पटेरिया, नरेश दिवाकर, वैभव पवार, अशोक तेकाम,श्रीमति मीना बिसेन गजानन पनचेशवर, अजय डागोरिया, सुजीत जैन, दीपक नगपुरे,परसराम सनोडिया ,विनोद सोनी,नंदकिशोर सोनकिशोरिया, अभिषेक दुबे, संजय सोनी,संजू मिश्रा, समीर अग्रवाल, संतोष नगपुरे ,राज ठाकुर, शिव सनोडिया, कपिल पांडे, गोपाल पवमे,शुभम राजपूत, भूपेश कुलहाडे,कमल,नरेश मानाठाकुर, गोलू पंडित, विक्रांत ,पिंकी त्रिवेदी, श्रीमती कविता शर्मा, उर्मिला उइके, किरण वाहने, निशा नाग,श्वेता मिश्रा, एकता चौरसिया,संजय खंडाईत,दिलीप अग्रवाल, प्रवीण भारद्वाज, मुरली शर्मा, दिलीप दूदानी, बाबा पांडे, महाकाल समिति सदन कश्यप, समाज सेवी पन्नालाल कुलहाडे, अशोक शु ला, सुरेंद्र शु ला, रमेश तिवारी,श्रीमति ज्योति राजपूत, रु मणी सनोडिया, अनीता राठौर,इत्यादि शामिल हुए।

# सावित्रीबाई फुले के योगदान को झुठलाया नहीं जा सकता – मोहन सिंह चंदेल

**हमें उनकी जयंती बृहद रूप में माननी चाहिए एडवोकेट -डी आर वाघमारे**

**महात्मा ज्योतिबा फुले के मार्गदर्शन में उन्होंने अनेक महान कार्य किए थे -लोकेश साहू**



सिवनी यशोः- देश की प्रथम महिला शिक्षक एवं महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती आज बारा पत्थर शिवनी स्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल के निवास पर मनाई गई। सर्वप्रथम समस्त उपस्थित लोगों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प हार पहना कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

तदुपरांत कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसी महान समाजसेविका की जयंती मनाने एकत्रित हुए हैं जिन्होंने की अपने जीवन मैं आने वाली तमाम कठिनाइयों का सामना करते हुए नारी शक्ति के लिए शिक्षा के द्वार खोलें। उनके द्वारा किए गए कार्यो की बदौलत ही आज नारी शक्ति बराबरी से हर क्षेत्र में भागीदारी कर पा रही है।

चंदेल ने कहा कि जब हम सावित्रीबाई फुले के जीवन के बारे में पढ़ते हैं तो उसे दौर में उन्होंने जितनी यातनाएं सही और समाज की जितनी प्रताड़ना झेलने के बावजूद उन्होंने हि मत नहीं हारा और नारी शक्ति के लिए शिक्षा के द्वारा खोलें इसकी कल्पना करके ही हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

चंदेल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जितना योगदान भारतीय समाज के लिए दिया है उतना स मान उन्हें ना ही सरकारों ने और ना ही समाज ने उन्हें दे पाया। उन्होंने कहा कि श्रीमती सावित्रीबाई फुले के योगदान को झुठलाया नहीं जा सकता।

भारत मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट श्री डीआर वाघमारे ने इस अवसर पर श्रीपति सावित्रीबाई फुले के साथ-साथ मुस्लिम समाज की पहली महिला शिक्षक फातिमा शेख के योगदान को भी याद किया। श्री वाघमारे ने आह्वान किया कि हम एसटी एससी ओबीसी के लोगों को उनके प्रति कृतज्ञ रहते हुए उनकी जन्म जयंती को वृहद रूप से मनाना चाहिए। उन्होंने श्री मोहन चंदेल द्वारा सावित्री बाय फूले की जयंती कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओबीसी महासभा के जिला संयोजक लोकेश साहू ने अवसर पर कहा कि सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले जो की सावित्रीबाई फुले के पतिदेव भी थे उन्हीं के मार्गदर्शन में सावित्रीबाई फुले ने स्त्रियों की शिक्षा के साथ-साथ विधवा विवाह के लिए भी उल्लेखनीय प्रयास किए थे।

कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष विनोद यादव एवं आदिवासी समाज के नेता व सेवानिवृत शिक्षक यशपाल भलावी पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आशा मोहन चंदेल एवम श्रीमती शकुन चौधरी ने भी इस अवसर पर अपने उदगार प्रकट किये।

इस अवसर पर जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोदिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोदिया पिछड़ा वर्ग के नेता मोतीराम कांवरो श्री राजकुमार साहू शंकर लाल डेहरिया श्री दादू राम सनोदिया श्री रवि वंडेवार श्री हबीब खान श्री संजय रोही श्री उदित शरण राय डॉ टर रुचिका वाघमारे सुश्री शिवानी चौधरी एवं श्री संदीप यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राम मंदिर के पुजारी में बहुत कम पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति यों – भाकपा

सिवनी यशोः- अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है और उसमें 24 पुजारी की नियुक्ति की जाना है उसमें बड़ी मुश्किल से एक पिछड़ा वर्ग और दो अनुसूचित जाति के पुजारी को चयनित किया गया है जिससे कि यह ना लगे की उन पुजारी में पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया इसमें 24की सं या में पुजारी के चयन में 50त्न जनसं या में केवल एक पिछड़ा वर्ग का पुजारी तथा 15त्न अनुसूचित जाति की सं या में दो पुजारी लिए गए हैं परंतु अनुसूचित जनजाति के किसी भी व्यक्ति को पुजारी के योग्य नहीं समझा गया यह बहुत अफसोस जनक बात है बताया गया कि यह योग्यता के आधार पर चुनाव किया गया है यह सर्व विदित है कि इस देश में मनुवाद के कारण अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग को पहले संस्कृत पढ़ने का अधिकार नहीं था और अब जब अधिकार मिल गया है और इस वर्ग के लोग संस्कृत पढ़ने लगे हैं तो उसमें आलोचनाओं से बचने के लिए नाम मात्र का प्रतिनिधित्व इन वर्गों से मजबूरी में लिया गया है यदि कोई योग्य नहीं है तो विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें योग्य बनाया जा सकता है।

अतः भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव डीडी वासनिक सहित डॉ बी सी यू के राजेंद्र जायसवाल ओमप्रकाश बोर्ड तीर्थ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश आदि ने केंद्र की भाजपा सरकार से अयोध्या में पुजारी के चयन में उनकी जनसं या के अनुपात में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जावे यदि कोई योग्य नहीं है तो स्पेशल ट्रेनिंग देकर योग्य बनाया जावे जैसे कर्मचारियों के चयन में कोल्हापुर के राजा शाहू महाराज ने स्पेशल ट्रेनिंग देकर अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्ग के लोगों को योग्य बनाकर अपने राज्य में अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्तियां की थी और जिन पर नियुक्ति करने की जि मेदारी दी गई थी उन पर कोटा पूरा नहीं होने पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया था फल स्वरुप सबको प्रतिनिधित्व मिल गया था ।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश की झांकी में दिखेगी आत्मनिर्भर नारी की झलक

## थीम होगी ''विकास का मूल मंत्र – आत्मनिर्भर नारी''

भोपाल । गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देश की राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर राज्यों की सांस्कृतिक वैभव और विकास को दर्शाने वाली झांकियों में मध्यप्रदेश की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। इस वर्ष मध्यप्रदेश झांकी की थीम ''विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी'' है।

झाँकी मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नारी शक्ति पर केन्द्रित है। हर क्षेत्र में मध्यप्रदेश की नारी आर्थ?क आत्मनिर्भरता हासिल कर रही है। आज प्रदेश की बेटियाँ खेत-खलिहान से लेकर विमान उड़ाने में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहीं हैं। गणतंत्र दिवस की भव्य झांकी में मध्यप्रदेश की आत्मनिर्भर हो रही नारी की प्रतिभा और आत्मविश्वास के दर्शन होंगे। झाँकी के अग्रभाग में भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलट और प्रदेश की बेटी अवनी चतुर्वेदी लड़ाकू विमान के प्रतिरूप के साथ दिखेंगी। इसके बाद स्व-सहायता समूह की एक महिला कलाकार मटके पर चित्रकारी करते नजर आयेंगी। द्वितीय मध्य भाग में बादल महल गेट चंदेरी की प्रतिकृति होगी एवं विश्व वि यात चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट साड़ियों को तैयार करने वाली बुनकर महिलाएं साड़ियों के एक प्रतीकात्मक प्रदर्शनी काउंटर के साथ विक्रय के लिए खड़ी दिखाई देंगी।

झांकी के अंतिम भाग में बेहतर पोषण युक्त आहार श्री-अन्न यानि मोटे अनाज (मिलेटस) उत्पादन को प्रोत्साहन की प्रेरणा देती भारत के मिलेट मिशन की ब्रांड ए बेसेडर और मिलेट क्वीन ऑफ इंडिया के रूप में याति प्राप्त मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले की सुश्री लहरी बाई दिखाई देंगी। उनके हाथ में विक्रय के लिये मिलेट्स का एक पैकेट दिखाई देगा। इस प्रकार मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ावा देने के हमारे राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाया गया है। यह प्रतिमा 180 डिग्री एंगल पर घूमती दिखाई दे रही है। इसके आसपास बांस की बनी विभिन्न टोकरियों में प्रदेश में पैदा होने वाला विभिन्न प्रकार का मोटा अनाज प्रदर्शित किया जायेगा। झाँकी के निचले और बाहरी हिस्से में स्टोन कार्विंग से निर्मित शिल्प एवं प्रदेश की समृद्ध गोंड जनजातीय की महिला कलाकार चित्रकारी करती दिखाई देंगी। अंतिम भाग में मोटे अनाज से निर्मित महिलाओं के भि?त्ति चित्र को दर्शाया जायेगा।

झाँकी के आसपास प्रदेश के स्थानीय अंचल मालवा के लोकगीत की धुन पर मटकी लोक-नृत्य करती महिलाएं साथ चलती दिखाई देंगी, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व कर रही है। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों में मध्यप्रदेश की झांकी का चयन किया गया है। इसके लिये राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। झांकियों के चयन के लिये कड़े मापदण्ड रखे जाते हैं।

# श्रीअन्न उत्पादक किसानों को मिलेगा भरपूर लाभ – कृषि मंत्री कंषाना

**रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना से मिलेगा लाभ**

भोपाल । प्रदेश के श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादक किसानों को प्रोत्साहित करने के लिये मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मिलेट उत्पादक किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि इसमें श्रीअन्न - कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रूपए की अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में अंतरित की जाएगी।

मध्यप्रदेश में कोदो-कुटकी की खेती मण्डला, डिण्डोरी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा, अनूपपुर, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, सिवनी और बैतूल जिलों में होती है। कोदो-कुटकी के किसानों की आय में वृद्धि के लिए फसल उत्पादन, भण्डारण, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, उपार्जन, ब्राण्ड बिल्डिंग के साथ वैल्यू चेन विकसित करने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि मिलेट फसलें विषम जलवायु के प्रति सहनशील है तथा कम उपजाऊ भूमियों में भी अच्छी पैदावार देने में सक्षम है। मिलेट अनाज अनेक पोषक तत्वों जैसे-केल्शियम, आयरन, विटामिन, डायटरी फाईबर आदि से परिपूर्ण हैं। वर्तमान में जागरूक उपभोक्ताओं ने ग्लूटेन के विकल्प के लिए खाद्य पदार्थों पर ध्यान देना प्रारंभ कर दिया है। समस्त मिलेट अनाज ग्लूटेन फ्री होते हैं तथा पौष्टिकता को दृष्टिगत रखते हुए इनका महत्व और भी बढ़ जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में श्रीअन्न (मिलेट) फसलों के व्यापक प्रचार-प्रसार से मिलेट उत्पादों की मांग में वृध्दि हुई है। कोदो-कुटकी जैसे मिलेट का बाजार मूल्य 100 रूपये प्रति किलो से भी अधिक है। उपभोक्ताओं में वृद्धि से कृषकों की विशेषकर जनजातीय कृषकों की आय वृध्दि में संभावनाएं बढ़ गई है। निरंतर आपूर्ति न होने, वैल्यू चेन में गैप के कारण कृषकों को इसका उचित लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि वैल्यू चेन से मिलेट उत्पादक कृषकों की आय में वृद्धि की जा सकती है। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना से मिलेट उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी।

यह योजना जिलों में पूर्व से मिलेट प्र-संस्करण इत्यादि के लिए कार्यरत समूह को फेडरेशन के रूप में संगठित कर क्षमता वृध्दि तथा कोदो-कुटकी के विपणन एवं ब्राण्डिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने की है। योजना वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025- 26 तक चलेगी तथा इसका कार्यक्षेत्र संपूर्ण मध्यप्रदेश रहेगा। जनरल बॉडी (आमसभा), संचालक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरे टर्स), मु य कार्यकारी अधिकारी/प्रबंध संचालक और एडवाइजरी कौन्सिल (सलाहकार परिषद) रहेगी। कंपनी अधिनियम-2013 के अंतर्गत कंपनी के रूप में फेडरेशन गठित होगी। फेडरेशन के जो फार्मर्स प्रोडे शन ग्रुप सदस्य होंगे, वह सामान्य सभा के सदस्य होंगे एवं रोटेशन आधार पर उनके द्वारा संचालक मण्डल के संचालक एवं चेयरमेन का चुनाव किया जायेगा। एडवाईजरी काउंसिल में एक चेयरमेन अपर मु य सचिव या प्रमुख सचिव कृषि, 2 संचालक, एक सीईओ (पदेन सचिव), 3 विशेषज्ञ होंगे, जिसमें आयुक्त या संचालक कृषि, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड एवं सीईओ मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और एक पर्यवेक्षक सदस्य रहेंगे, जो कि वित्त विभाग के सचिव होंगे।

**फेडरेशन करेगा उपार्जन**

कोदो-कुटकी की खेती कर रहे कृषकों को उचित मूल्य दिलाना वर्तमान में किसानों को कोदो का लगभग 2000 रूपए प्रति क्विंटल तथा कुटकी का लगभग 3000 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य प्राप्त हो रहा है। कृषकों से कोदो-कुटकी एफऐ यू मानक के आधार पर फेडरेशन द्वारा उपार्जित किया जायेगा, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल सकेगा।

**फेडरेशन लाभांश भी वितरित करेगा**

फेडरेशन द्वारा मिलेट फसलों का उत्पादन, मिलेट उपार्जन, विपणन, ब्राण्ड बिल्डिंग एवं वैल्यू एडिशन का कार्य किया जावेगा। फेडरेशन द्वारा एफपीओ में उपलब्ध अधो-संरचना (भण्डारण, प्र-संस्करण) का उपयोग करते हुए गैप की पूर्ति हेतु अधो-संरचना भी विकसित की जाएगी। इससे फेडरेशन तथा एफपीओ का आर्थिक सुधार होगा तथा फेडरेशन द्वारा कृषकों के साथ लाभांश का बंटवारा किया जाएगा।

**प्र-संस्करण अधो-संरचना के लिए अनुदान**

फेडरेशन की प्र-संस्करण अधो-संरचना विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जायेगा। शेष 50 प्रतिशत राशि बैंक लोन अथवा संस्था के पास उपलबध राशि का उपयोग किया जा सकेगा। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष पर देय ब्याज राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। कृषि अधो-संरचना विकास निधि द्वारा ब्याज पर 3 प्रतिशत छूट, पात्रता अनुसार उपलब्ध कराने हेतु सहयोग किया जायेगा।

**कोदो-कुटकी की मार्केटिंग, ब्रॉण्ड वैल्यू एवं वैल्यू चेन के लिये सहायता**

कोदो-कुटकी की मार्केटिंग, ब्रॉण्ड वैल्यू एवं वैल्यू चेन हेतु फेडरेशन को 3 वर्षों तक प्रति वर्ष राशि रूपये 15 लाख की सहायता प्रदान की जायेगी।

## पूनम बरकड़े का चयन एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा में सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग हुआ है



सिवनी जिले के ग्रामीण क्षेत्र केवलारी ब्लॉक के बनाथर ग्राम में जन्मी पूनम बरकड़े का शैक्षणिक संघर्ष अन्य बेटियों के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य शासकीय सेवा में तलाशने वाले युवक-युवतियों के लिये प्रेरणादायक है।

हम आपको बता दे कि पूनम बरकड़े ने अपनी प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा पाण्डिया छपारा में प्राप्त किया। इसके बाद सिवनी मु यायल के महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल सिवनी अध्ययनरत एवं प्री मैट्रिक गर्ल्स हास्टल में रहकर कक्षा 12 तक अध्ययन किया था। वहीं पूनम बरकड़े ने अपनी स्नातक की शिक्षा जटाशंकर त्रिवेदी कॉलेज बालाघाट से बीएससी की पढ़ाई पूर्ण की है।

पूनम बरकड़े बचपन से शिक्षा व शैक्षणिक अध्ययन के प्रति मेहनत, लगन के साथ प्रयास करने में आगे रही है। अपना लक्ष्य को लेकर पूनम बरकड़े मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारी हेतु इंदौर वर्ष 2018 में गई थी। पूनम बरकड़े ने वर्ष 2019 की पीएससी की परीक्षा को प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर लिया है और पूनम बरकड़े का चयन सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग में हो गया है।

हम आपको बता दे कि पूनम बरकड़े का वर्ष 2020 में अधीनस्थ लेखा सेवा पद में अनुपूरक सूची में भी था। वहीं वर्ष 2021 का मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग का साक्षात्कार हेतु भी चयन किया गया है। इसके साथ ही वर्ष 2022 की मु य परीक्षा में भी स मिलित होने जा रही है।

मां ने हमेशा मुझे आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया पिता श्री मेलाराम बरकड़े किसान है हालांकि शुरूआत में वे बैंक में पदस्थ थे लेकिन उन्होंने नौकरी को छोड़कर किसानी का कार्य करते है। वहीं पूनम बरकड़े की मां श्रीमती ज्ञानेश्वरी बरकड़े वर्तमान में आदिवासी कन्या आश्रम दुरेंदा केवलारी जिला सिवनी में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर पदस्थ है।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश की झांकी में दिखेगी आत्मनिर्भर नारी की झलक

थीम होगी ''विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी''

सिवनी यशो:- गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को देश की राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर राज्यों की सांस्कृतिक वैभव और विकास को दर्शाने वाली झांकियों में मध्यप्रदेश की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। इस वर्ष मध्यप्रदेश झांकी की थीम ''विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी'' है।

झाँकी मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नारी शक्ति पर केन्द्रित है। हर क्षेत्र में मध्यप्रदेश की नारी आर्थ?क आत्मनिर्भरता हासिल कर रही है। आज प्रदेश की बेटियाँ खेत-खलिहान से लेकर विमान उड़ाने में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहीं हैं। गणतंत्र दिवस की भव्य झांकी में मध्यप्रदेश की आत्मनिर्भर हो रही नारी की प्रतिभा और आत्मविश्वास के दर्शन होंगे। झाँकी के अग्रभाग में भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलट और प्रदेश की बेटी अवनी चतुर्वेदी लड़ाकू विमान के प्रतिरूप के साथ दिखेंगी। इसके बाद स्व-सहायता समूह की एक महिला कलाकार मटके पर चित्रकारी करते नजर आयेंगी। द्वितीय मध्य भाग में बादल महल गेट चंदेरी की प्रतिकृति होगी एवं विश्व वि यात चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट साड़ियों को तैयार करने वाली बुनकर महिलाएं साड़ियों के एक प्रतीकात्मक प्रदर्शनी काउंटर के साथ विक्रय के लिए खड़ी दिखाई देंगी। झांकी के अंतिम भाग में बेहतर पोषण युक्त आहार श्री-अन्न यानि मोटे अनाज (मिलेटस) उत्पादन को प्रोत्साहन की प्रेरणा देती भारत के मिलेट मिशन की ब्रांड ए बेसेडर और मिलेट क्वीन ऑफ इंडिया के रूप में याति प्राप्त मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले की सुश्री लहरी बाई दिखाई देंगी। उनके हाथ में विक्रय के लिये मिलेट्स का एक पैकेट दिखाई देगा। इस प्रकार मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ावा देने के हमारे राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाया गया है। यह प्रतिमा 180 डिग्री एंगल पर घूमती दिखाई दे रही है। इसके आसपास बांस की बनी विभिन्न टोकरियों में प्रदेश में पैदा होने वाला विभिन्न प्रकार का मोटा अनाज प्रदर्शित किया जायेगा। झाँकी के निचले और बाहरी हिस्से में स्टोन कार्विंग से निर्मित शिल्प एवं प्रदेश की समृद्ध गोंड जनजातीय की महिला कलाकार चित्रकारी करती दिखाई देंगी। अंतिम भाग में मोटे अनाज से निर्मित महिलाओं के भित्ति चित्र को दर्शाया जायेगा।

झाँकी के आसपास प्रदेश के स्थानीय अंचल मालवा के लोकगीत की धुन पर मटकी लोक-नृत्य करती महिलाएं साथ चलती दिखाई देंगी, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व कर रही है। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों में मध्यप्रदेश की झांकी का चयन किया गया है। इसके लिये राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। झांकियों के चयन के लिये कड़े मापदण्ड रखे जाते हैं।

## जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं का निर्धारण करेगी कले टर समिति

सिवनी यशो:- राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थानों और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकार जिला कले टर समिति को दे दिया है। गुरुवार को गृह विभाग से जारी आदेश में सीमाओं के पुनर्निर्धारण की कार्यवाही आगामी 15 जनवरी तक करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में थानों और चौकियों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के संबंध में अनुभाग और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित कर जन-प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव गृह ने 30 जुलाई, 2010 के निर्देशानुसार गठित समिति को थानों और चौकियों का पुनर्निर्धारण लोकहित में युक्ति-संगत तरीके से करने के निर्देश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नये थानों का सृजन किया गया है। सृजन के बाद थानों की सीमाओं को युक्ति-संगत बनाने के लिये पुनर्निर्धारण की आवश्यकता है।

निर्देशानुसार 7 फरवरी, 2024 तक सीमा पुनर्निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

## अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन जब्त

मंडला यशो:- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कले टर मण्डला के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी परिपेक्ष्य में चिरईडोंगरी नाका तहसील नैनपुर अन्तर्गत खनिज रेत के अवैध परिवहन, भण्डारण में संलिप्त एक वाहन ट्रे टर बिना नंबर चेचिस नंबर टी 053592497 एएल मय ट्राली क्रमांक एमपी 51 एए 2789 को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी पिण्डरई की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## 24598 किसानों से 1381266.69 क्विंटल धान उपार्जित

मंडला यशो:- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य 2183 रूपये शासन द्वारा निर्धारित है। जिले के 67 उपार्जन केन्द्रों के लिए धान खरीदी 19 जनवरी 2024 तक की जाएगी। पंजीकृत 41811 किसानों में से 32708 किसानों ने धान विक्रय हेतु स्लॉट बुक कराया है। उपार्जन अवधि से 4 जनवरी तक 24598 विक्रेता किसान से मात्रा 1381266.69 क्विंटल धान उपार्जित की गई है।

उक्त अवधि में धान विक्रय करने वाले सभी किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपने नजदीक उपार्जन केन्द्र में एफऐ यू धान की गुणवत्ता ले जाकर धान विक्रय करें। धान विक्रय करने के लिए पहले स्लॉट बुकिंग किया जाना अनिवार्य है। अपने नजदीक उपार्जन केन्द्र से स्थल कोड की जानकारी के माध्यम से स्लॉट बुक किया जा सकता है। स्लॉट बुक करने के लिए वेबसाईट mpeuparjan.nic.in में जाकर खरीफ 2023-24 में निःशुल्क कर सकते हैं। स्लॉट बुक न होने पर एनपीसीआई पोर्टल पर बैंक खाता से आधार लिंक की जानकारी देख लें। आधार लिंक ऐं टव न होने पर संबंधित बैंक पर जाकर अपना आधार लिंक ऐं टव कराएं।

## स्टेडिंग कमेटी की बैठक आज

मंडला यशो:- मु य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत प्रारूप नामावली का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। इस संबंध में 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला योजना भवन के सभाकक्ष में स्टेडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## पीएम जनमन अभियान के तहत आयोजित शिविर में 133 बैगाओं के बनाए गए आधार कार्ड, 20 को पात्रता पर्ची

मंडला यशो:- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 4 जनवरी को 15 ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कर 133 बैगाओं के आधार कार्ड, 20 बैगाओं के लिए



पात्रता पर्ची, पशु विभाग द्वारा 73 किसान क्रेडिट कार्ड, 5 हितग्राहियों को उज्वला योजना से लाभान्वित करने तथा 14 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। जानकारी के अनुसार बिछिया के ग्राम मानिकपुर माल एवं कटंगा माल, बीजाडांडी के पोंड़ी माल, तरवानी एवं मगरधा, घुघरी के पाटन, मंडला के मोहगांव चक एवं बिनैका, मवई के अमवार, मोहगांव के पिपरिया रैयत, कु हर्रा एवं धनगांव, नारायणगंज के चकदेही एवं कुंडा तथा निवास के कोहका ग्राम में शिविर आयोजित किए गए। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यात्री वाहनों पर 9 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही

मंडला यशो:- परिवहन आयुक्त महोदय म.प्र. ग्वालियर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्व चैकिंग की कार्यवाही के तहत 4 जनवरी 2024 को मण्डला-रामनगर-घुघरी मार्ग पर 23 यात्री वाहनों की जांच की गई, जिसमें बसों एवं अन्य वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर, ओव्हर लोडिंग, फर्स्टएड बॉ स अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन खिड़की आदि की जांच की गई। चैंकिग के दौरान 10 यात्री वाहनों



पर 9 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। वाहनों की जांच निरंतर ग्रामीण एवं दूरस्थ स्थानों में भी जारी रहेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार सभी वर्ग के हितों के लिए संकल्पित - कुलस्ते

**दिलाई गई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ**

मंडला यशो:- विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के ग्राम मांगा एवं पोंड़ी, बीजाडांडी में बेरपानी एवं देवरी, घुघरी में खजरी एवं बिलगांव, मवई में सहजपुरी एवं नंदराम, नैनपुर में ओहानी एवं हीरापुर, नारायणगंज में फड़की माल एवं सिवनी माल तथा मंडला में सुकतरा एवं बरगवां पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। ग्राम बेरपानी एवं देवरी में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री कुलस्ते ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के हितों के लिए संकल्पित है। आमजन को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विविध योजनाएं संचालित की जा रही हैं, आवश्यकता है इन योजनाओं को समझकर उनका लाभ उठाने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे योजनाओं को समझें और लाभ लेते हुए विकास की मु य धारा से जुड़ें। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# योजनाओं से अवगत कराने बैगानी भाषा में बने पोस्टर

मंडला यशो:- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इसी क्रम में बैगाओं को शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर नवाचार करते हुए बैगानी भाषा में पंपलेट तथा पोस्टर तैयार कर वितरित किए जा रहे हैं।



इन पंपलेटों में शासन के 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित योजनाओं की जानकारी है। पंपलेट में सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, घर तक बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, कौशल विकास, मोबाईल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, मोबाईल नेटवर्क, मु त राशन, मु त एलपीजी कनेशन, आयुष्मान भारत, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, संस्थागत प्रसव, सिकलसेल एनीमिया, 100 प्रतिशत टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, मध्यान्ह भोजन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के संबंध में जानकारी दी गई है। यह पंपलेट बैगाओं की अपनी भाषा में होने के कारण बहुत पसंद की जा रही है।

# निर्वाचन को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना आवश्यक - डॉ. सिडाना

**कले टर ने की मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा**

मंडला यशो:- फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि प्रत्येक घर तक पहुंच करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। निर्वाचन को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी पुनरीक्षण के कार्य को पूरी गंभीरता से करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाएं। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से



संपन्न हुई इस बैठक में अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा सभी एसडीएम, तहसीलदार उपस्थित रहे।

कले टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। इस संबंध में सभी महाविद्यालयों तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों पर विशेष शिविर आयोजित करें तथा संस्था प्रमुखों से आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में अंकित कर लिए गए हैं। कले टर ने कहा कि मृत तथा स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाने तथा त्रुटिसुधार के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करें। दोहरी प्रविष्टियों पर भी विशेष ध्यान दें। एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए पुनरीक्षण कार्य रेंडम आधार पर मॉनिटरिंग करें। बीएलओ की बैठक लेकर उन्हें निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत कराएं। कले टर ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में जागरूकता अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे तथा आपत्तियाँ दर्ज कराने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 नियत है। दावे आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को होगा।

## वस्त्र भंडार की दुकान पर मिला धान का अवैध भंडारण

**नोटिस का जवाब नही देने पर कंपनी जिले में भंडारण, परिवहन और विक्रय पर प्रतिबंध**

बालाघाट । हैदराबाद की सिरी सीड्स (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड द्वारा उत्पादित सभी प्रकार की धान व अन्य फसलों के बीजों पर जिले में भंडारण, परिवहन और विक्रय के लिये प्रतिबंधित किया गया है। उपसंचालक एवं अधिसूचित प्राधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने बीज नियंत्रण आदेश-1983 की धारा-11 की शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कार्रवाई की है। उन्होंने बीज अधिनियम-1966 के खंड-17 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से भंडारण, परिवहन के साथ ही विक्रय के लिए भी प्रतिबंधित किया है। अधिसूचित प्राधिकारी श्री खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 दिस बर को उनके और बीज निरीक्षक द्वारा ब हनी के योगराज पारधी के मकान के एक कमरे ( मुस्कान वस्त्र भंडार) का औचक निरीक्षण किया गया था। यहाँ सिरी सीड्स (इंडिया) प्राय. लिमिटेड हैदराबाद कंपनी का सत्यरूप धान बीज की किस्म सिरी-1-2-केए-4 का अवैध रूप से भंडारण करना पाया गया। मौके पर पूछताछ में उनकी धर्मपत्नी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पायी। इस स बंध में धर्मपत्नी शशिकला पारधी द्वारा बताया गया के उनके पति हैदराबाद की इसी कंपनी में नोकरी करते है। उनके द्वारा ही बीज भूमि एग्रो केम कोसमी बालाघाट से लाया गया है।योगराज पारधी के पास वैधानिक बीज अनुज्ञप्ति नही पायी गई। योगराज सिरी सीड्स (इंडिया) प्राय. लिमिटेड में नोकरी करते है। श्री पारधी द्वारा हैदराबाद की कंपनी को आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए व्यवसाय किया गया। इनके द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 एवं धारा-7 तथा बीज अधिनियम 1966, बीज(नियंत्रण) आदेश 1983 की धारा-3, 8 (ए) एवं (बी), 18(1) का स्पष्ठ उल्लंघन किया गया। इसके बाद 20 दिस बर को कंपनी को 3 दिनों में स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। परन्तु 29 दिस बर तक कोई भी अभिलेख और न ही किसी प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर जवाब दिया गया। इसके बाद प्रतिबंध की कार्रवाई की गई।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297